दिन– मंगलवार | दिनांक– 13/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दुनिया ने भारत की क्षमताओं को देख लिया है। पाकिस्तान के साथ बातचीत अब सिर्फ आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही होगी।

02. भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ अग्रिम सीमा क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी करने संबंधी तत्काल उपायों पर विचार करने पर हुये सहमत।

03. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा आज से देशभर में ग्यारह दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। प्रदेश में कल से होगी यात्रा की शुरूआत।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार के खिलाड़ियों का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी। सीवान की अलका सिंह ने शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता।

––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आतंकवाद से मुकाबले के लिए भारत की अटूट वचनबद्धता का उल्लेख किया है। प्रधानमंत्री ने कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भारत की क्षमताओं को देख चुकी है, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आतंकवादी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर– पी.ओ.के. को छोड़कर किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हुये कहा कि आतंक और बातचीत एक साथ नहीं हो सकती।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को अभी अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि आतंकवाद को लेकर वह क्या रवैया अपनाता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारी नुकसान उठाने के बाद दस मई को पाकिस्तानी सेना ने हमारे सैन्य अभियान महानिदेशक–डीजीएमओ से संपर्क किया। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने यह आश्वासन दिया की वह भारत के खिलाफ कोई भी आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बयान के मद्देनजर भारत ने स्थिति की समीक्षा की और पाकिस्तान के आतंकवादी और सैन्य प्रतिष्ठानों के

खिलाफ अपने जवाबी अभियान को अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया। श्री मोदी ने कहा कि भारत अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाता रहेगा।

————————————————————

केन्द्रीय मंत्री और लोजपा, रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के विरूद्ध भारत की नीति को पूरी दुनिया के समक्ष स्पष्ट रूप से रख दिया है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय के सामने आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर भारत के रूख को साफ कर दिया है। यही नये भारत का न्यू नार्मल है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता है।

———बाईट———

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद और पाकिस्तान का परमाणु ब्लैकमेल नहीं सहा जायेगा।

————————————————————

भारत और पाकिस्तान अग्रिम सीमा क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करेंगें। कल शाम दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशक—डीजीएमओ स्तर की वार्ता में इस बात पर सहमति बनी है।

————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी आज से देशभर में ग्यारह दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया है कि प्रदेश में इस यात्रा की शुरूआत कल पटना से होगी। इसके बाद पन्द्रह मई को कमिश्नरी मुख्यालयों और सोलह मई को सभी जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज भागलपुर में 208 करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली अड़तालीस योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री इस दौरान जगदीशपुर प्रखंड के मुखेरिया ग्राम में डॉक्टर अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष

शिविर में लाभुकों से संवाद भी करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री सैंडिस कंपाउंड में खेलो इंडिया यूथ गेम दो हजार पच्चीस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार के खिलाड़ियों का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी है। सीवान की अलका सिंह ने कल अंडर–एटीन शॉटपुट मुकाबले में चौदह दशमलव सात तीन मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही इन खेलों में बिहार चार स्वर्ण पदक के साथ पदक तालिका में तेरहवें स्थान पर पहुंच गया है।

————————————————————

प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिला है। कल देर रात राजधानी पटना समेत आस–पास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज किशनगंज, अररिया और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दुनिया ने भारत की क्षमताओं को देख लिया है। पाकिस्तान के साथ बातचीत अब सिर्फ आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही होगी।

02. भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ अग्रिम सीमा क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी करने संबंधी तत्काल उपायों पर विचार करने पर हुये सहमत।

03. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा आज से देशभर में ग्यारह दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। प्रदेश में कल से होगी यात्रा की शुरूआत।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार के खिलाड़ियों का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी। सीवान की अलका सिंह ने शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।